[Shri N.K.P. Salve]

more with what you have said, but only one point I want to make clear on behalf of my party Members. Madam, it was agreed and you were the one who conveyed the sentiments to the Opposition Members and fortunately in your presence I am saying this to put the record straight that when we were there together, two things were agreed to between us and the Opposition. Our people were there—five or six of us— and they were there—about eight or ten of them. It was agreed between us that we should have audience of the Chairman separately. We went to another room and waited there.

ln your presence, Madam, there was one more agreement which was entered into. And we did not know what was going to be the ruling of the Chair. It was agreed as gentlemen between them and us that whatever be the ruling, we will abide by it and we are not going to create any furore, we are not going to create any unruly scene.

Thereafter, Madam, what has happened here is something which I have not seen in 22 years of my parliamentary life. This kind of demeanour brings disgrace to the entire institution of Parliament. People have certainly not sent us for this kind of thing. Much different things are expected out of us.

But you will kindly give us credit for one thing—that we tried to carry on the business according to the orders of the Chair for very long and when things became absolutely impossible—what wc did Madam, primarily was to protect the dignity and orders and directions of the Chair itself and therefore if any of our Members, if you feel, has acted in a manner unworthy of the demeanour expected of us, I apologise to you, Madam, and J apologise to Parliament, but I want to submit to you. Madam, that we were forced into it, not of our own volition, but by the extremely unworthy behaviour of the Opposition today.

THE DEPUTY CHAIRMAN; I also want to bring one thing on record for the safety and security of the staff and the working of Parliament House that the mikes were misused and that is the reason why some of the mikes were not working because they overworked with loud voices and if anybody feels that some of the mikes were not deliberately made to work, I want to absolve the Secretariat and the people who are working that system that it was because they were overworked and that the mikes were absolutely all right.

SHRl MADAN BHATIA: Madam, I only want to submit to you, though it has fallen from you that the discussion on the Budget should start, that I had sought your permission. Therefore, I was making this statement.. .and I reserve my right to make a fuller expression of my views at another stage when you, Madam, permit me.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Sure, at the appropriate time every Member would be given a chance. Now we are going back to the Budget.

बस अब कोई नहीं बोलेगा ।
(व्यवधान) . . . .

BUDGET (GENERAL) 1989-90—Contd.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Madam, just before starting the Budget, we spoke on the Budget-myself and Darbara Singh.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you spoke.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV; But in the noisy scenes, I do not know whether it has come on the record or not. If you allow us to speak again, that is your privilege.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, I don't think. If the time permits, we might ask you to give some points on the Budget. But now Dr Jagannath Mishra will make a speech on the Budget. He *has* just walked in. Your name was call-

ed Mr. Mishra in the morning, but you were not there. Now we are allowing you to make your speech.

डा० जगन्नाथ मिश्र (बिहार): उप-सभापति महोदया, श्री चव्हाण साहब ने जो बजट पेश किया है वह एक दिशा-निर्देशन का बजट है । समाजवादी रूप-रेखा का एक स्पष्ट संकेत है । जिन कठिनाइयों से यह राष्ट्र पिछले वर्षों में गुजर रहा है, आर्थिक क्षेत्र में वहां नई उपलब्धियां अर्जित हुई हैं । इस आर्थिक संकल्प के कारण, नीतियों के कारण इस बजट से इस तथ्य को बल मिलता है कि सामाजिक न्याय, वित्तीय स्थायित्व और औद्योगिक विकास की गति तेज करने के साथ-साथ उद्योगों का आधुनिकीकरण करने, और विकास के मामले में देश को स्वालंबन की ओर बढ़ाने को अधिक बल मिलेगा ।

[उप सभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) पीठासीन हुए]

इस बजट से ऐसे संकेत मिलते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के बारे में चिन्तन, मध्यम आय वर्ग के लोगों के बारे में, निश्चित आय वर्ग वालों के संबंध में एक स्पष्ट नीति सरकार की ओर से प्रदर्शित की गई है । यह भी स्पष्ट लगता है कि जो सुखाड़ की समस्या लगातार इन राज्यों में रही उससे कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा जिसकी वजह से सहायता की मद में, गैर योजना व्यय में विस्तार हुआ था और फिर खाद और दूसरे अनुदान के मद में, ऋण पर भी जो सूद दिया जाता है उसमें भी विस्तार हुआ है, जिससे कठिनाइयां अधिक बढ़ रही थीं । लेकिन सरकार की औद्योगिक नीति, कृषि नीति जो पिछले वर्षों में चल रही है उसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है । इसके कारण कि हमारे आर्थिक विकास की गति तेज हुई, औद्योगिक उत्पादन, कृषि उत्पादन में निरंतर विकास हुआ है, निरंतर बढ़ोत्तरी हुई है । इस सुखाड़ से जो आर्थिक चुनौतियां आई थीं उन पर काबू पाया गया है और मिसाल है कि 9 प्रतिशत हमारे औद्योगिक उत्पादन में, आर्थिक विकास की गति में तेजी आई है और 17-18 प्रतिशत कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है । हमें 5 प्रतिशत से अधिक संपूर्ण आर्थिक विकास की गति में सफलता मिली है जो हमारे वित्तीय नीति की सफलता का परिणाम है पिछले वर्षों में ।

साथ ही यह भी स्पष्ट है कि हमारे घाटे की जो स्थिति बनी थी पिछले सालों में उसमें बढ़ोतरी होती गई है, वह हमारे लिए एक चिन्ता की बात जरूर है । लेकिन इसे कम करने की पूरी कोशिश हमारे वित्त मंत्री जी ने की है और उससे भी यह लगता है कि पिछले 1980-81 के बाद जो घाटे का क्रम चला वही निरंतर बढ़ता गया है। वह 1988-89 से 7486 करोड़ है जो पिछले 5 वर्ष की तुलना में चार गुना अधिक है । राज्यों की स्थित और भी निराशाजनक है । इस मामले में 1987-88 में 12 राज्य अपने योजना उप व्यय का भार वहन नहीं कर सके थे । 1979-80 से लगातार केन्द्रीय राजस्व खाते में घाटा बढ़ता गया है । पिछले 10 वर्ष में राजस्व व्यय में राजस्व-प्राप्ति की तुलना में अधिक बढ़ोत्तरी हुई है । पिछले 10 वर्ष में 14 प्रतिशत राजस्व व्यय में वृद्धि हुई है जब कि राजस्व आय में केवल 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । 1981-82 में 2298 करोड़ घाटे के स्थान पर 1987-88 में 8496 करोड़ का घाटा हुआ है ।

यह बात भी सही है कि रक्षा व्यय में जो 30 प्रतिशत हमारा कुल व्यय था वह स्थिर रहा है, लेकिन 1980-81 से कर्जे के सूद में 22 से 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और विभिन्न वस्तुओं के अनुदान मद में 13 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । निकट भविष्य में सूद वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि सरकार के साधन प्राप्ति के जो जरिए हैं उनमें अधिक वृद्धि होने की संभावना नहीं है । इसलिए उनको अपने साधनों पर निर्भर करना पड़ता है । कर्जे से अपनी आवश्यकता की पूर्ति करनी पड़ती है ।

यह बात भी सही है कि गैर योजना व्यय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ सार्वजनिक

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

प्रतिष्ठानों में होने वाले मुनाफे में ह्रास हुआ है। एक कमी और रही है कि जो हमारे प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर हैं उनकी वसूली भी पूरी नहीं हो पाती है। जहां 1984 में 2773 करोड़ रुपये वसूल नहीं हो पाये वहां 1987 में 5533 करोड़ हो गये। यह भी एक मुद्दा है इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए कि क्यों वसूल नहीं कर पाते। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि सरकार पर घरेलू राष्ट्रीय कुल उत्पादन का 64 परसेंट यानी 2 लाख 59 हजार। 1155 करोड़ 1986-87 में था वहां 1 लाख 6 हजार करोड़ का कर्जा है। 59 लाख 935 करोड़ का दूसरा बकाया है इस पर सूद देना पड़ता है।

मूल्य वृद्धि भी चिन्ता का विषय है लेकिन यह प्रसन्नता की बात है कि पिछले साल में मुद्रास्फीति पर काबू पाया है। सूखे के कारण उत्पादन में ह्रास के बावजूद पिछले चालीस सालों में हरित क्रांति के जरिये से कृषि में विकास लाने में सफलता हासिल की थी। इसके प्रभाव से, या जो कृषि के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव रखा था उन सब से कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी होती रही है जिसके कारण मुद्रास्फीति को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। लेकिन एक मुद्दा जरूर अधिक चिन्ता का बनता है वह है व्यापार संतुलन का। पिछले दो वर्षों में 1986-87 और 1987-88 के निर्यात में क्रमश: 25 और 20 परसेंट की वृद्धि हुई है जबकि 1985-86 में 4 परसेंट का ह्रास हुआ था। 1986-87 और 1987-88 वर्ष में आयात में क्रमश: 9.2 परसेंट और 11.4 परसेंट की वृद्धि हुई है। जब कि 1985-86 में 22 परसेंट की हुई थी। इसके फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार घाटा 7500 करोड़ से घटा कर 1987-88 में 6624 करोड़ हो गया। विदेशी मुद्रा कोष में ह्रास होना एक चिन्ता का विषय है। इसलिए निर्यात को प्रोत्साहन देना और आयात को घटाना इस समय हमारा एक मुख्य मुद्दा होना चाहिए। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट प्रस्ताव में ऐसे उपाय किये हैं जिससे निर्यात को प्रोत्साहन हो और अपने देश में ऐसी वस्तुओं के उत्पादन को हम तरजीह दे सकें, प्रोत्साहन दे सकें जिन वस्तुओं का निर्यात किया जा सकता है। एक्सपोर्ट पर सुविधाएं दे रहे हैं। एक्सपोर्ट से जो मुनाफ़ा कमाया जाता है उनमें आयकर में छूट देते हैं उससे अधिक निर्यात की सम्भावना होती है।

एक बड़ी विशेषता इस बजट की है जैसा मैंने प्रारम्भ में कहा ग्रामीण क्षेत्र के बारे में काफ़ी सोच दिखाई गयी है। पहले से सोच चली आ रही है। हमारी योजना है जिसे राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कहते हैं। भूमिहीन नियोजन गारन्टी कार्यक्रम कहते हैं उन्हें समेकित किया गया है। इसके लिए इस बजट में 1711 करोड़ रुपये का उपबंध किया गया है जो एक प्रशंसनीय कदम है। लेकिन एक नयी बात हुई है कि जो हमारे देश के सबसे पिछड़े जिले हैं जिनकी संख्या 120 बतायी गयी है उनके लिए एक नया कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू नियोजन कार्यक्रम चलाया गया है उसके लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। ये दोनों योजनाएं सम्मिलित प्रयास से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक आदमी को नियोजन दिया जा सकेगा। गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोग जो हैं उनके मन में एक नयी उम्मीद जगेगी। ऐसा लगता है उनके बारे में गम्भीरता से सोचा जा रहा है।

इसके साथ ग्रामीण क्षेत्र के बारे में नयी सुविधाएं आयी हैं। जैसा कि नारायण दत्त तिवारी जी ने पिछले साल फ़सल बीमा के सम्बन्ध में, कृषि ऋण के सम्बन्ध में, और किसान सुविधाओं के बारे में एक कार्यक्रम पेश किया था उसी के अगले क्रम में नई सुविधा है। हम देखते हैं इस वर्ष भी वित्त मंत्री जी ने यह दिखाया है कि जो किसान खेत के काम के लिए 25 हजार रुपये तक कर्ज लेंगे उनके सूद में दो परसेंट की कमी दिखायी जायेगी। यानी 14 परसेंट के बदले में उन्हें केवल 12 परसेंट देना होगा। इसके अलावा एक विशेषता की बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण बैंकों से चार हजार करोड़ रुपये अधिक ऋण बांटे जाने का उपबन्ध किया गया है।

एक उपबन्ध किया गया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि सुखाड़ के कारण जो सरचार्ज लग रहा था उस सरचार्ज को माफ किया जा रहा है, लेकिन 50 हजार से अधिक आय वाले जो लोग हैं उन पर नियोजन कर की हैसियत से 8 प्रतिशत का सरचार्ज लगाया जा रहा है जिसकी सराहना होनी चाहिए । एक अच्छी बात है । साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में, और शहरी क्षेत्रों में जो बिना आवास के लोग हैं उनको सुविधा देने के बारे में पिछले साल ही प्रधान मंत्री ने आवास बैंक की स्थापना की बात की थी, उसके जरिए सहायता देने की बात की थी । इस वर्ष के बजट में प्रोत्साहन देने का काम किया है कि आवास बैंक में जो पैसे रखें जायेंगे उन पर आयकर नहीं लगेगा और जो आवास ऋण वापस होगा वह भी आयकर से मुक्त होगा । इसके अलावा जो सेवा निवृत्त कर्मचारी हैं उनके बारे में सुझाव है कि उनके उपादान की जो राशि है या सरकार की सुविधा से अर्जित पैसे हैं उन पर भी आयकर नहीं देना पड़ेगा । इसके अलावा जो हमारे निश्चित आय वर्ग के लोग हैं उनके लिए सोचा गया है कि जो 18 हजार से 25 हजार के बीच के वाले लोग हैं उन पर 25 प्रतिशत के बजाय 20 प्रतिशत कर लगेगा । इससे उनके मन को दिलासा दिलाई गई है । लेकिन सरकार की दृष्टि में जो अधिक खर्च करने वाले लोग हैं उनका व्यय-कर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है । इसका मतलब यह है कि इस बात का संकेत मिलता है कि वित्त मंत्री ने यह दृष्टि रखी है कि जो अपने सामर्थ्य से देने की योग्यता रखते हैं, जो अमीर लोग हैं, उन पर कर लगाया जाये, उन पर कर का बोझ दिया जाये । लेकिन जो सामान्य जन हैं उन पर कर का बोझ कम कर किया जाये । आप देखेंगे कि बजट प्रस्तावों में उत्पादन शुल्क में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है । लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि जो सामान्य जन के उपभोग की वस्तुएं हैं उन पर कर न लगाने का प्रयास किया गया है । यह प्रयास किया गया है कि विलासिता की वस्तुओं पर कर लगाया जाय जैसे कि पांच सितारा होटलों में ठहरने पर और हवाई जहाज से जाने पर या विदेश जाने वालों पर कर का प्रावधान किया गया है या जो रंगीन टी०वी० रखते हैं, दूसरे इलेक्ट्रानिक चीजें रखने की क्षमता रखते हैं उन पर कर लगाया गया है । लेकिन वहीं पर सस्ते टी०वी० पर कर कम किया गया है । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि 1956 में श्री टी०टी० कृष्णामचारी जी ने बजट पेश किया था तो उनके बजट को समाजवादी बजट की संज्ञा दी गई थी । उस बजट के हिसाब से इस बजट में संकेत मिलता है कि हालांकि 1985–86 के बजट प्रस्तावों की आलोचना हुई थी और यह कहा गया था कि उसमें अमीरों के पक्ष की बात हुई है, बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों की बात हुई है और गरीबों के हितों की हालांकि कोई उपेक्षा नहीं हुई है लेकिन फिर भी ऐसी धारणा बनी, प्रतिमा बनी थी । मुझे लगता है कि इस साल का बजट उस बजट से हट कर, उससे डिपार्चर होकर बना है और पुराने समाजवादी रास्ते पर है और उस रास्ते पर फिर से हम वापस आ रहे हैं और समाजवाद की ओर बढ़ रहे हैं जो 1985–86 का बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री थे वे आज हमारी आलोचना करते हैं, हमारी नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करते हैं लेकिन उस बजट को समाचार-पत्र के लेखों ने, हमारे साथियों ने, थैचर बजट की संज्ञा दी थी । आज हमारे विपक्ष के लोग भारत सरकार की और हमारे नेतृत्व की आलोचना करते हैं लेकिन उनकी अपनी दृष्टि क्या थी, उनकी अपनी मंशा क्या थी वह 1985–86 के बजट प्रस्तावों को देखने से पता चल जाएगी लेकिन हमें इस बात की प्रसन्नता है कि श्री एस० बी० चव्हाण जी ने इस बात को महसूस किया है और वे वैसी कोशिश में लगे हुए हैं जिससे आगे हमारा रास्ता साफ हो सके । हम जानते हैं कि समाजवादी रास्ते पर जाने का सबसे बड़ा सबूत यह मिलता है कि हमने प्रत्यक्ष कर में और अप्रत्यक्ष कर में जो बढ़ोत्तरी की है उसमें हमने यह अनुमान बनाकर रखा है, हम ऐसे काम करने वाले हैं जिससे कि अमीरों की चीजें हम गरीबों के बीच में लाएंगे, गरीबों में बांटेंगे ।

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

ऊंची आय वाले जो बड़े लोग हैं उनकी आय में से कुछ लेकर हम गरीबों को देंगे और उनको साझीदार बनायेंगे। इसलिये इस बजट की विशेषता मुख्य-रूप से यही है कि हम समाजवादी दर्शन पर फिर से वापस जा रहे हैं और इसको आगे ले चलने की हमारी पूरी कोशिश होगी।

3.00 P.M.

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और प्रत्यक्ष करों के प्रस्ताव रखे गये हैं उनमें 1287 करोड़ रुपये की प्राप्ति होगी और उसमें से 903 करोड़ रुपया स्पष्टरूप से केन्द्र के खाते में केन्द्र सरकार का होगा और 384 करोड़ रुपये राज्यों को मिलेंगे ऐसा लगता है कि इसमें राज्यों की कठिनाइयों के ऊपर भी ध्यान दिया गया है। इस बजट में जो राज्यों की हिस्सेदारी हो सकती है उसको बढ़ाने की कोशिश भी है। साथ ही साथ यह भी देखने की बात है कि बजट प्रस्तावों में जो 1287 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रशासनिक निर्णय से जिसको प्रशासनिक मूल्य कहते हैं उसके जरिये से भी 1676 करोड़ रुपये प्राप्त करने का उपबंध किया गया है, पिछले जनवरी महीने से अभी तक और इस प्रकार से 2963 करोड़ रुपये का भार सामान्य जनों पर है और हम समझते हैं कि मुद्रा-स्फीति पर इसका कोई व्यापक असर नहीं पड़ेगा। सरकार की ओर से भी दावा किया गया है और हम इस बात को महसूस करते हैं कि इससे कोई परि-स्थिति नहीं बनने वाली है जिससे हम यह महसूस कर सकें कि कोई परि-स्थिति बनने वाली है। एक बात विचार करने योग्य जरूर है कि सरकार को गैर योजना व्यय का दबाव मुख्य रूप से सहाय्य, रक्षा, अनुदान और ऋण पर सूद से हुआ है अगर आप दो-तीन साल के आंकड़े देखेंगे तो पता चलेगा कि 1986-87 में 23954 करोड़ रुपये, 1987-88 में 30908 करोड़ रुपये और 1988-89 में 35369 करोड़ रुपये हुआ है इसके बावजूद योजना व्यय में पिछले साल 16.6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और इस साल 20 प्रतिशत की बढ़ो-त्तरी हुई है। यह भी भारत सरकार के लिये शाबासी की बात है कि गर योजना व्यय में विस्तार के बावजूद भी योजना व्यय में कटौती नहीं होने दी है। बल्कि इसमें विस्तार ही किया गया है, बढ़ोत्तरी ही की है जिसका अच्छा असर हमारे यहां पड़ा है। 1988-89 वर्ष के मुख्य विशेषता उत्पादन बढ़ाना, निर्यात बढ़ाना और पूर्ण आर्थिक विकास करते करते मुद्रा-स्फीति को नियंत्रित करना रहा है और हम ऐसा मानते हैं कि सरकार का जो यह उद्देश्य रहा है उसमें सरकार पूर्ण सफल रही है जो मुद्रा-स्फीति की स्थिति रही है उससे भी हम इस बात को महसूस करते हैं हालांकि 1987-88 वर्ष काफी कठिनाईयों का वर्ष था किन्तु मौद्रिक और वित्तीय नीति के संचालन के कारण यह वर्ष बहुत ही सफल साबित हुआ है। 1987-88 के बजट में घाटा 7683 करोड़ रुपये का था जो कि 1986-87 की तुलना में 16 प्रतिशत कम था जब कि 150 करोड रुपया पिछले साल था। महोदय, सार्वजनिक प्रति-ष्ठानों में भी हमारी सफलता हुई है मुनाफे की दृष्टि से जो आर्थिक समीक्षा सरकार की ओर से प्रसारित हुई है उसका गहराई से अध्ययन करने से पता लगता है कि हमने पिछले सालों के बनिस्बद 1771 करोड़ के बदले में 2183 करोड़ रुपये का मुनाफा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने जो बार-बार सार्व-जनिक प्रतिष्ठानों की कुशलता बढ़ाने पर बल दिया गया उससे यह कुशलता लाई गई है। लेकिन यह बात भी स्पष्ट होनी चाहिये कि हमने अपने देश में आर्थिक उद्देश्यों के लिये सार्व-जनिक प्रतिष्ठानों के महत्व को स्वीकार किया है और कमांडिंग हाइट्स को

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने और इंदिरा गांधी ने स्वीकार किया था और वर्तमान सरकार ने भी मंजूर किया है। लेकिन हमारे देश के कुछ अर्थशास्त्रियों और इसी प्रकार हमारे समाचार पत्रों के कुछ लेखक जो हैं उन लोगों की ओर से यह बात प्रसारित करने की कोशिश हुई है कि सार्वजनिक प्रतिष्ठान विफल हो रहे हैं और इस तरह से सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के महत्व को कम करने की कोशिश की जा रही है। प्रधानमंत्री जी ने बार-बार इस बात को दोहराया है कि हम सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की महत्व को कम नहीं करना चाहते हैं और उनके महत्व को बरकरार रखना चाहते हैं। लेकिन इतनी बात जरूर है कि सरकार को उनकी कुशलता बढ़ानी चाहिये। उनके घाटे में जाने से जनता पर भार पड़ता है। इसलिये उनका अधिक से अधिक उपयोग होना चाहिये। लेकिन निजी प्रतिष्ठानों की हालत भी बड़ी अच्छी नहीं है। हमने आर्थिक समीक्षा में देखा है कि 1 लाख 57 हजार रुग्ण उद्योग बन गये हैं। इन उद्योगों में भी 57 सौ करोड़ रुपया हमारे बैंकों का लगा हुआ है। उनकी हालत भी कोई अच्छी नहीं है कि वे यह कह सकें कि सार्वजनिक उद्योगों की हालत खराब है और निजी प्रतिष्ठानों की हालत अच्छी है। जो कोई भी अर्थ शास्त्री या सामाजिक चिन्तक कहता है कि निजीकरण जो आज पश्चिमी यूरोप के प्रयोग में लाया जा रहा है उन देशों में भी इस बात को दोहराया जा रहा है या अन्य समाजवादी देशों में भी आर्थिक नीतियों में कुछ मिलावटें आने की सम्भावनायें हो रही हैं इस का कोई कारण नहीं है कि हमारे यहां भी किया जाये। हम इस बात में विश्वास करते हैं कि हमने 1956 में जो औद्योगिक नीति निर्धारित की थी उस में परिवर्तन या संशोधन का कोई आधार नहीं हो सकता है। आधारभूत और मूल उद्योग जो हमारे रक्षा संबंधी उद्योग हैं वे पूर्ण रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के ही होने चाहिये उनमें मिलावट के हम घोर विरोधी हैं। पिछले दिनों प्रश्नोत्तर काल में भी रक्षा मंत्रालय की ओर से जवाब दिया जा रहा था उस में भी हमारी घोर आपत्ति थी। रक्षा मंत्रालय के सभी उद्योग निश्चित रूप से सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के लिये सुरक्षित रहने चाहियें वहां निजी प्रवेश नहीं होना चाहिये। अगर प्रतिष्ठानों में कमजोरियां आई हैं तो उनको दूर करने के लिये बात सोचनी चाहिये। लेकिन यह कभी नहीं हो सकता कि जो आर्थिक दर्शन हमने स्वीकार किया है उससे हमारा अलगाव हो जाये क्योंकि यह मुल्क गरीबों का है, पिछड़ी आबादी का मुल्क है, हरिजनों-अल्पसंख्यकों और ऐसे लोगों का मुल्क है जिन्हें आर्थिक और सामाजिक सुविधायें बरसों तक हम नहीं दे पाये हैं। उनको हम राज्य की ओर से सुविधा दे सकते हैं। अगर हमारे आर्थिक क्षेत्रों में आर्थिक शक्ति पर नियंत्रण नहीं होगा, और आर्थिक क्षेत्र में अगर मुट्ठी भर लोगों का, सीमित लोगों का नियंत्रण होगा तो जो सामाजिक, आर्थिक लक्ष्य हमने निर्धारित किया है संविधान के मूलभूत अधिकारों में या राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के तहत उन उद्देश्यों की प्राप्ति हम नहीं कर सकते हैं। इसलिये निश्चित रूप से राज्य के हाथ में सारी आर्थिक शक्ति होनी चाहिये लेकिन कोशिश यह होनी चाहिये कि आर्थिक शक्तियों का विकेन्द्रीकरण हो जिन लोगों के हाथ में आर्थिक शक्तियां केन्द्रित होती गई हैं वह हमारी राजनीति और हमारे देश की नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिये जरूरी है कि लोकतंत्र को मजबूत करने और सामान्य लोगों के प्रवेश बनाए रखने के लिए ऐसी आर्थिक शक्तियों का विकेन्द्रीकरण करना चाहिये। हमारी योजना का भी एक मुख्य लक्ष्य रहा है कि हममें जो आर्थिक असमानता है उसको पाटेंगे। हमारी बजट प्रणाली का भी एक उद्देश्य होता है कि जो विषमतायें हैं उन्हें पाटना चाहिये। हमें कर प्रणाली ऐसी बनानी चाहिये जिसमें बड़े लोगों का

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

धन लेंगे और उसका वितरण गरीब लोगों में करेंगे। अमीरों से हमारा लेने का काम है और गरीबों में बांटने का काम है। स्वर्गीय इंदिरा जी के समय में भी यह हुआ करता था। उस परम्परा को हमें कायम रखना चाहिये। इंदिरा जी ने 1971 में जो गरीबी हटाओ का नारा दिया था उस नारे ने देश को बड़ा प्रभावित किया था और आज उसी क्रम में दोबारा इंदिरा जी के नारे को हमें सकारात्मक रूप देना चाहिये। प्रधानमंत्री ने इस बजट के द्वारा पुन आश्वस्त किया है कि हम उस रास्ते से अलग नहीं हट रहे हैं। अभी प्रधान मंत्री जी ने बेरोजगारी हटाने का संकल्प दोहराया है, उसी दिशा में यह एक नया कदम है और इस बजट में इस प्रयोजन के लिये सरकार ने पांच सौ करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी स्कीम को सरकार ने एक साथ किया है यह उसी दिशा में एक कदम है। इससे लगता है कि इंदिरा जी ने जो कार्य हमको दिया था उसे हम सफलता से आगे ले जा सकेंगे इसलिये वर्तमान सरकार पूर्ण रूप से गरीबों के प्रति प्रतिबद्ध है। जो एक छवि अनावश्यक रूप से बनाने की कोशिश हो रही है कि राजीव गांधी की सरकार अमीरों के पक्ष की है, सुखी लोगों के पक्ष की है, शहरी लोगों के पक्ष में है, गरीबों के हितों की हिफाजत नहीं करती है यह छवि अनावश्यक रूप से जनता के सामने पेश करने की कोशिश हुई है लेकिन इस बजट से वह तमाम भ्रम हमारे समाप्त हो रहे हैं जो आरोप पिछले सालों में लगते रहे हैं उन आरोपों की समाप्ति हो रही है। हालांकि नारायण दत्त तिवारी जी ने पिछले साल बजट में इसे प्रारम्भ किया था और इस साल उसको और अधिक बल मिल रहा है और गरीबों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली योजना की आज बहुत ही जरूरत है क्योंकि जो हमारे आर्थिक विकास का लाभ होता है वह अप्रत्यक्ष रूप से कुछ लोगों तक सीमित हो जाता है। आज हमारी प्रणाली जो है उस प्रणाली से उसका फल सामान्य लोगों तक जा नहीं सकता है। कुछ लोगों तक वह कैद हो जाता है, केन्द्रित हो जाता है। इसलिए हमारी योजनाएं और हमारे कार्यक्रम ऐसे होने चाहिए जो प्रत्यक्ष रूप से गरीबों के बीच में जा सकें और गरीबों के बीच में जाने की इच्छा से हो इसलिए इस तरह का बजट पेश किया है। वित्त मंत्री 12 करोड़ रुपयों का उपबंध कर रहे हैं कि जो हमारी अत्यंत गरीब, दरिद्रतम महिलाएं हैं उनमें साड़ी बांटी जाये। यह अच्छा कदम है, प्रशंसनीय कदम है। लेकिन हमारी नीति ऐसी होनी चाहिए कि इस साल तो हम साड़ी बांट देंगे लेकिन अगले साल ऐसी स्थिति बन जाये कि वे महिलाएं ऐसी स्थिति में हों कि खुद साड़ी खरीद सकें और तभी हमारी आर्थिक योजनाओं का कोई माने है। इस साल साड़ी बांट कर दे देंगे लेकिन हमारा कार्यक्रम ऐसा चले कि अगले साल उनकी जेब में खुद पैसा हो जाये और तभी इस योजना को हम बड़ा मानेंगे। यह तब होगा जब पूरे हमारे आर्थिक क्रियाकलाप उस हिसाब से संचालित हों जिससे कि उन लोगों को दुबारा हमारे ऊपर कपड़े के लिए निर्भर नहीं होना पड़े बल्कि वे अपने पैसे से उन चीजों को खरीद सकें। इसलिए जो हमारी दरिद्रतम महिलाएं हैं उनकी जेब में हम पैसा डाल सकें, हमारी योजनाओं का यह लक्ष्य है और इस ओर हम कैसे बढ़ सकें इस बात को भी हमें ध्यान से देखना चाहिए। यह तब हो सकेगा जब हम सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करेंगे और यह कायाकल्प करने का क्या रास्ता हो सकता है यह देखा जाना चाहिए।

साथ ही साथ मैं इस बात के लिए सराहना करता हूं कि उद्योगों के विस्तार के बारे में जो प्रोत्साहन के ऐलान हुए हैं वे प्रशंसनीय हैं, महत्वपूर्ण हैं। सीमेंट तथा एल्यूमिनियम पर नियंत्रण

समाप्त करने की बात की गयी है वह बहुत प्रशंसनीय है। लेकिन देखने की बात यह जरूर है कि होता क्या है। अभी खुले बाजार और नियंत्रण के मूल्य में खाई थी, मूल्य विषमता थी लेकिन अगर उपभोक्ता को खुले बाजार की कीमत पर सीमेंट लेना पड़ा तो जो छोटे किस्म के लोग हैं जो नये मकान बनाना चाहते हैं उनकी कठिनाइयां बढ़ जायेंगी। इसलिए सरकार जब सीमेंट पर नियंत्रण समाप्त कर रही है तो सरकार की जिम्मेदारी भी बढ़ गयी है। यह ठीक है कि सीमेंट का उत्पादन बहुत हुआ है। आप सारी आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेंगे, आप सीमेंट निर्यात भी कर सकेंगे। निर्यात करिये तभी ठीक है। आपने नियंत्रण हटा लिया ठीक है, खुला बाजार में दे दीजिए लेकिन उत्पादकों को छूट नहीं होनी चाहिए कि वे प्राइसेज को मैन्यूवर करके इतनी ऊंची कीमत कर लें जिससे कि उपभोक्ताओं को कठिनाई बढ़ जाये। लोग बड़ी सावधानी से इंतजार कर रहे हैं कि जो नियंत्रण आपने समाप्त किया है वह सामान्य जनों के हित में किया है या जो उत्पादक है उनके हित में किया है। यह एक सवाल लोगों के मन में उठ रहा है कि अंततोगत्वा इसका लाभ किसको मिलने जा रहा है यह बड़े उद्योगपतियों को मिलने जा रहा है क्या ? इससे आपकी आलोचना होगी, सरकार की आलोचना होगी। जो सरकारी कीमत थी उसी कीमत पर अगर आप लोगों को सीमेंट खुले तौर पर दे सकें तो आपकी सराहना होगी। यह बड़े ध्यान देने की बात है। इसी तरह से आपने एल्यूमिनियम पर भी नियंत्रण समाप्त किया है। यह भी अच्छी शुरूआत है, अच्छी बात है। इस बात को हम ठीक मानते है। यह हम पहले भी कह रहे थे और अभी भी कहते हैं कि जो हमारी नीति रही है यह उस हिसाब से है।

आगे के दिनों में जो हम कार्यक्रम बनाने वाले हैं उनके संदर्भ में मैंने पहले भी कहा था और आज भी इस बात का दोहराना चाहता हूं कि हमारे मुल्क में बेरोजगारों और गरीब तबके के लोगों के मन में एक बड़ी परेशानी है कि 40 साल की आजादी के बाद भी हम योजनाओं के माध्यम से अपनी प्रणाली के माध्यम से उनके मन में आस्था और विश्वास सृजित नहीं कर पाये हैं और जब विश्वास सृजित नहीं कर पाये हैं तो उनके मन में एक अनास्था जागती है। हमें दो तीन मुद्दों के संदर्भ में विचार करना है और वे यह है कि जो हमारी आबादी है वह हमारी पूरी आबादी संस्थापित क्षेत्रों में परिलक्षित हो रही है या नहीं हो रही है, व्यवसाय में उस आबादी का प्रतिनिधित्व हो रहा है या नहीं हो रहा है, सरकारी सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व हो रहा है या नहीं हो रहा है, जो हमारे आर्थिक क्रियाकलाप हैं उनमें उनका प्रतिनिधित्व हो रहा है या नहीं हो रहा है। पिछले 40 साल की हमारी योजनाओं की यह एक कमजोरी दिख रही है और वह यह दिख रही है कि हमने योजना का लाभ सामान्य लोगों को देने की कोशिश तो की है, हमारे उद्देश्य स्पष्ट तो रहे हैं लेकिन हम उन उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं पर पाये है और जैसा हमने पहले भी कहा कि सीमित लोगों ने आर्थिक लाभों को अपने बीच में केन्द्रित कर लिया है। यह असंख्य जो हमारी 70-80 प्रतिशत गरीब आबादी है और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी है उनमें इनका प्रवेश नहीं हो पाया है। हाल के दिनों में हमने एक सर्वेक्षण देख रहे थे। उस सर्वेक्षण में हमें जानकारी मिली कि जो हमारी 95 प्रतिशत देहात की आबादी है वह अछूती है इन तमाम सुविधाओं से और संघात्मक नौकरियों में उनके बच्चे आ नहीं पाते हैं। सिर्फ 5 प्रतिशत परिवार ही हमारी ग्रामीण क्षेत्र का है जिनका प्रवेश आधुनिक सुविधाओं में हो सकता है, आधुनिक नौकरियों में हो सकता है, व्यवसाय में हो सकता है।

जब आपने सामाजिक शांतिका और सामाजिक न्याय का संकल्प संविधान के तहत लिया है, वह आप पूरा नहीं कर सकते हैं। यह बातें धीरे-धीरे बढ़ती

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

जा रही है। क्या हो रहा है कि देहाती इलाके के जो हमारी गरीब और समान जनों के, हरिजनों, आदिवासियों तथा अल्पसंख्यकों के बेटे है उनका प्रवेश समान रूप से आधुनिक शिक्षा में, उच्च शिक्षा में तथा सरकारी नौकरियों में नहीं हो पाता है और शहरी आबादी जो है, या सरकारी कर्मचारियों या अफसरों के बेटे हैं या जो राजनीतिज्ञों के हैं, उन्हें अधिक सुविधायें होती है। इसलिए वह प्रतियोगिता में आते हैं, सामना करते हैं, लेकिन जो ग्रामीण क्षेत्र के किसान के, मजदूर के बेटे हैं, अगर वह मैट्रिक पास है या बी० ए० पास है, तो उन्हें किरानियों की नौकरी में या चपरासी की नौकरी में ही संतोष करना पड़ता है और इसलिए बहुत बड़ी आबादी है जिनके बच्चे क्योंकि उनकी पहली पीढ़ी शिक्षा में आई है, उनकी मानसिकता प्रतियोगिता के योग्य नहीं बन पाई है। इसलिए सरकारी सेवाओं में उनका प्रवेश खुले तौर पर हो नहीं पाता है।

तो क्या यह जो 95 प्रतिशत ग्रामीण आबादी है, उनके बच्चे सदैव किरानी की और चपरासी की छोटी, तीसरी श्रेणी की नौकरी के लिए बने हुए हैं, क्या वह ऊंची श्रेणी की नौकरी के भी अधिकारी नहीं बन सकते हैं? तो चूंकि हम ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत घूमते हैं, हमारा बड़ा साक्षात्कार हुआ है और खास करके हमने बिहार में देखा है, हमारे यहां जो सामाजिक तनाव चल रहा है, उसका मूल कारण क्या है? वहां के पढ़े-लिखे नौजवानों से हमने बातचीत की है कि नौजवानों के मन में हमारे प्रति आक्रोश क्यों हो रहा है? वह हमारी व्यवस्था के प्रति अनास्था व्यक्त करता है, वह ऐसा महसूस करता है कि बंदूक के जरिए से ही, हिंसा के जरिए से ही हमें हक मिल सकता है। हमारे दक्षिण बिहार के हिस्से में आए दिन आप समाचार-पत्र में पढ़ते होंगे कि सामूहिक हिंसा का दौर चला है और बड़ी घटनायें वहां पर घटती है। अगर आप जानना चाहेंगे कि करने वाला कौन होता है, तो जो नौजवान पढ़ा-लिखा है, उसका बाप, उसके दादा जिन्होंने वर्षों-वर्षों से शोषण और सामंती जुल्म सहा है, वह अभी भी सहना चाहता है लेकिन जो नौजवान मैट्रिक पास करके, बी० ए० पास करके गांव जाता है, तो वह देखता है कि समान स्थिति शहरों में क्या है। सरकारी घोषनायें क्या है और दूसरी जगह क्या बातें होती है। जब वह अपने ऊपर जुल्म देखता है, तो उसके विरोध में खड़ा होता है और वह अपनी जान को जोखिम में डालता है। वह जानता है कि वह पुलिस का मुकाबला नहीं कर सकता, वह जानता है कि वह गांव के बड़े जमींदारों, जमीन वालों का मुकाबला बिलकुल नहीं कर सकता, फिर भी वह जान की बाजी लगा कर वह क्यों उठ खड़ा होता है? वह महसूस करता है कि जो सरकार की नौकरियां है, जो व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की नौकरियां हैं या दूसरी तरह की नौकरियां है, वह केवल पहुंच से होती है, रिसोर्स से होती है, समान रूप से वह हमें नहीं मिल सकतीं। इसलिए वह आक्रोश में और परेशानी में है। लेकिन हमें, चुने हुए प्रतिनिधियों को चिंता होती है कि आखिर लोकतंत्र और समाजवादी व्यवस्था की जड़ को मजबूत नहीं करेंगे, तो आप देश का हित नहीं कर सकते हैं और यह देश तब मजबूत होगा जब ऐसी आबादी का विश्वास आप अर्जित कर सकेंगे। ऐसी आबादी को महसूस हो सके कि हमारे साथ न्याय हो रहा है, हमारा हक कोई छीन नहीं रहा है। अगर हमारी पहुंच सरकारी कार्यालय तक नहीं है हमारी पहुंच एम०एल०ए०, एम०पी० के यहां, सरकारी कर्मचारी के यहां भी नहीं है, तब भी जो हमें मिलना चाहिए, वह मिलता है। यह भावना अगर सृजित नहीं होगी, तो यह बातें नहीं चल सकती है।

इसलिए सामाजिक तनाव को समाप्त करने की दृष्टि से यह बहुत ही आवश्यक है कि आप सभी दरवाजे खोले, मुख्य रूप से खोलें।

प्रधान मंत्री जी ने नई शिक्षा नीति की घोषणा की, देश में एक आशा जगी और लगा कि हम देश में एक नया माहौल शिक्षा नीति से बनाने जा रहे हैं। शिक्षा सरल होनी चाहिए, सुगम होनी चाहिए, सुलभ होनी चाहिए, सबको मिलनी चाहिए और सब जा सकें, लेकिन क्या है कि जो शिक्षा मंत्रालय की ओर से वह शिक्षा चुनौती के नाम से प्रकाशित हुआ या "चेलेंज टु एजुकेशन" उसमें भी यह दर्ज किया गया था कि जो हमारे बच्चे नाम लिखाते हैं प्रथम कक्षा में, उनका 77 प्रतिशत आठवीं कक्षा तक जाते-जाते वह बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं, ड्राप आऊट कर जाते हैं और केवल 23 प्रतिशत बच्चे ही आगे की पढ़ाई में जाते हैं।

तो एक बात सोचने की है कि यह शिक्षा प्रणाली, यह हमारी सारी व्यवस्था 23 प्रतिशत चुने हुए लोगों की ही है। या जो 77 प्रतिशत बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं वह 77 परसेंट कौन से सैक्शन के हैं जो कि पढ़ाई छोड़ देते है? अगर आप देखेंगे तो पता चलेगा कि वे सब से गरीब तबके के लोग हैं। उनमें सब से अधिक पिछड़ी जातियों की, हरिजनों की, अल्प-संख्यकों और आदिवासियों की आबादी है। क्या इस देश की मुख्य धारा में केवल 23 प्रतिशत लोगों की हिस्सेदारी है? क्या वह 77 प्रतिशत आबादी उन बच्चों की है जो बीच में पढ़ाई छोड़ देते है और अगर उनकी हिस्सेदारी नहीं होगी तो यह हमारे भविष्य के लिए एक खतरा बनने वाला है, यह हमें महसूस करना चाहिए। काफी दिनों से अपने देश में यह बातें होती रहीं कि दो प्रकार की शिक्षा व्यवस्था अपने देश में हम चलाते हैं। एक पब्लिक स्कूल सिस्टम चलाते हैं और दूसरा म्युनिसिपल स्कूल और ग्रगम स्कूल का सिस्टम हम चलाते हैं। क्या हो रहा है कि जो सुविधा-भोगी तबका है, चाहे वह सरकारी कर्मचारी का हो, चाहे राजनीतिज्ञों का हो या ठेकेदारों का हो या गांव के बड़े जमींदारों का हो ऐसे तबकों के बच्चों के लिए एक खास तरह की पढ़ाई है और सामान्य-जन के बच्चों के लिए नगरपालिका के स्कूल हैं या जिला परिषद के स्कूल हैं जो कि गांवों के चलते हैं और उनको आप प्रतियोगिता में लाना चाहते हैं? एक बड़ी सोचने की बात है कि इन बच्चों को हम किन बच्चों के साथ प्रतियोगिताओं में बैठाते हैं उन बच्चों के साथ जो देहरादून के पढ़े हुए हैं, जो दिल्ली पब्लिक स्कूल के पढ़े हुए है? इनका मुकाबला गांव के, देहात के बच्चों को करना पड़ता है। मानसिकता तो वह हो नहीं सकती और उनकी कितनी भी प्रतिभा होगी वह प्रतिभा उजागर हो नहीं सकती, फिर वह कैसे मुकाबला कर सकता है? 40 साल के बाद राष्ट्रीय जीवन में ऐसा क्षण आया है जबकि इसके लिए आपको गंभीरता से चिंतन करना पड़ेगा। जो अंग्रेजों ने प्रणाली चलाई थी कि एक शासक होगा, एक शासित होगा और एक शोषण करने वाला होगा, एक आदमी को शोषित होना पड़ेगा। तो क्या जो ऊंचे सरकारी कर्मचारी हैं या अफसरान है, एम. एल. एज, एम. पीज हैं जिन्हें सुविधाएं मिल गई सरकार की ओर से ऊंची जगहों पर पहुंच गए उनके बच्चों को अधिक सुविधाएं मिलेगीं, प्रतियोगिताओं में वे मुकाबले करेंगे और ऊंची नौकरियों में वे जायेंगे? लेकिन अगर ग्रामीण क्षेत्र के किसी बच्चे में प्रतिभा है परन्तु उसके पास आर्थिक साधन नहीं है और वह पब्लिक स्कूल में नहीं जा पाता है तो वह कैसे दूसरों के मुकाबले में खड़ा हो सकता है? तो यह कितना एक द्वंद्व है और उप सभाध्यक्ष महोदय इसे हम द्वंद्व ही कहेंगे। ऐसे बच्चों से जिन बच्चों से मैं मिलता हूं जो हमारे प्रदेश में आंदोलन चल रहा है इन बच्चों में वे ऐसे सवालात हमारे सामने खड़े करते हैं जिनका हमारे पास कोई जवाब नहीं होता। वे कहते हैं हमारे को लोकतंत्र से क्या मिलने वाला है। इसलिए अब यह ऐसा क्षण आया है कि जब आपको इस पर गंभीरता से सोचना पड़ेगा देश की इतनी बड़ी आबादी जो इन सुविधाओं से, शिक्षा से अछूती

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

है उनको अगर वैसा प्रवेश नहीं होगा, उनके मन में यह भरोसा और विश्वास नहीं होगा कि यह पूरी व्यवस्था उनके पक्ष की है, उनके लिए है तो यह काम नहीं हो सकता। इसलिए वहां भी उम्मीद करते थे कि प्रधान मंत्री ने कुछ उम्मीदें जगाई थीं अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रस्ताव में कुछ बातें कहीं थीं कि गरीबों के पक्ष की कुछ बातें होंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रस्ताव में कहा गया था कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले जो भी परिवार हैं उनके बच्चों की शिक्षा के पूरे खर्च का वहन सरकार करेगी और आखिर जीवन में यह ऐसा क्षण आया है जैसा हमने बता दिया कि 77 प्रतिशत बच्चे जो पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं वे कौन हैं वे गरीब हैं, वे कौन गरीब है वे पिछड़ी जातियों के हैं, जो हरिजन हैं, जो अल्प-संख्यक है, मुसलमान है और दूसरी जातियों के है, कि जिनके बारे में सारी जिम्मेदारी सरकार अपने ऊपर ले। क्या 40 साल की आजादी के बाद भी ऐसा क्षण नहीं आया है कि उनके बारे में कुछ सोचा जा सके? इसलिए यह आवश्यक है कि आप निशुल्क व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में करें। उसी तरह से आज जरूरी है कि गांवों के वे बच्चे जिनमें पढ़ने की लालसा है और संभावना है लेकिन आर्थिक संकट के कारण वे ऊंची पढाई में नहीं जा पाते हैं ऐसे बच्चों की पढ़ाई का पूर्ण खर्च सरकार वहन करें और ऐसी बात होनी चाहिए। हम निवेदन करना चाहते हैं कि अगले साल के बजट में श्री राजीव गांधी जी निश्चित रूप से आश्वासन दें कि जो हमारी गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले बच्चे हैं और अगर वे मिडल या मैट्रिक स्तर तक अपनी तरफ से पढ़ते हैं तो उसके आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी, चाहे वह इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज की या वैज्ञानिक पढ़ाई हो इन सब की जिम्मेदारी सरकार वहन करेगी। इनमें छात्रों की संख्या अपर्याप्त है, बहुत ही कम लोगों का समावेश हो पाता है इसलिए सब का प्रवेश समान कर देना पड़ेगा। सब के लिए प्रवेश खोल देना पड़ेगा।

सरकार ने अभी नवोदय विद्यालय की बात की है। हमारे यहां सब लोग इस कंसेप्ट के खिलाफ हैं और जैसा आप जानते हैं, उपाध्यक्ष महोदय, कि मैं स्वयं शिक्षक रहा हूं 20 साल विश्वविद्यालय का शिक्षक रहा हूं, अभी भी मैं विश्वविद्यालय से संबद्ध हूं अप्रत्यक्ष रूप से, मैं नहीं मानता कि सरकार का यह नवोदय विद्यालय का कंसेप्ट कोई बहुत ही अच्छा है। यह तो फिर से दुबारा समाज को दो भागों में बांटने वाला है, जैसे पब्लिक स्कूल और दूसरे स्कूलों की शिक्षा का विभेद समाज को दो भागों में बांटता रहा है, उसी तरह समाज को दो भागों में यह बांटने जा रहा है। अब इसमें सभी बच्चों का प्रवेश तो हो नहीं सकता। जिस तरह से अब रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूलों के भवन नहीं हैं, ब्लैक बोर्ड नहीं है, पीने के पानी का बन्दोबस्त नहीं है, शौचालय नहीं है। लगभग सभी के सभी गांवों में यह स्थिति है। तो जिस मुल्क में आप जो स्कूल चलाते हैं और जिसके लिए ब्लैक बोर्ड नहीं दे सकते, आप एक छप्पर नहीं दे सकते, पीने के पानी का हैंडपम्प नहीं नहीं दे सकते, वहां मुल्क में आज क्या ऐसी स्थिति आई है कि एक स्कूल के निर्माण पर एक करोड़ रुपया खर्च किया जाय। अब एक करोड़ रुपया आप एक स्कूल पर खर्च करने जा रहे हैं, 500 स्कूल आप बनाने जा रहे हैं और 500 करोड़ रुपया आप खर्च करने जा रहे हैं यह सोचने की बात है। हमारी नजर में देश की वास्तविकता पर भी जाएगी या नहीं जायेगी? हम जहां बच्चों को पढ़ाते हैं, उनकी जो प्राथमिक आवश्यकतायें हैं, उसकी पूर्ति की क्षमता हमारे पास नहीं है, वित्तीय प्रबंध हमारे पास नहीं हैं, लेकिन उसी मुल्क में ऐसे स्कूल खोल रहे हैं, और जब लोगों को यह बात मालूम होती है कि जिले में स्कूल खुल रहा है उसमें एक करोड़ रुपया खर्च होने जा रहा है तो गांव के लोग हमसे तपाक से पूछते हैं कि हमारे बच्चों के लिए स्कूल के लिए

ब्लैक बोर्ड तुम्हारे पास नहीं है, हमारे बच्चों को पीने के पानी के लिए ट्यूबवैल देने के लिए पैसे नहीं हैं और यह एक स्कूल पर एक करोड़ रुपया खर्च कर रहे हो ? तो हमारी यह बात समझ में नहीं आती। यह ठीक है कि गुणात्मक दृष्टि से यह हो सकता है, लेकिन हम जब एक शिक्षक की हैसियत से सोचेंगे तो एक अलग राय बनेगी और जब हम एक सामाजिक कार्यकर्ता की हैसियत से गरीबों के बीच में सोचेंगे तो हमें लगता है कि यह निरर्थक हो रहा है ।

महोदय, बेरोजगारों की संख्या आज बढ़ती जा रही है । इसके लिए प्राथमिकता दी है और इस बजट में इसका समावेश करने की कोशिश की है । लेकिन जो नियोजन की संभावना है, उसका बंटवारा तो न्यायपूर्ण होना चाहिये, पंजीकरण तो होना चाहिये । जो नियोजनालय, श्रम विभाग की ओर से भिन्न-भिन्न जगहों पर हैं, उनमें सभी बच्चों का पंजीकरण होता है क्या, इसकी स्थानीय स्तर पर जांच होनी चाहिये और देखा जाना चाहिये कि नियोजनालय न्यायपूर्ण ढंग से नाम अनुशंसित करते हैं या नहीं ? एक बात यह हो रही है कि जिनकी पहुंच नियोजनालयों में होती है उनके पंजीकरण की भी सुविधा और उनके नाम अनुशंसित करने की भी सुविधा होती है । अब जिन जगहों पर, ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां पहली पीढ़ी है, बहुत बड़े तबके का जिसका प्रवेश शिक्षा में हुआ है, जिसका प्रवेश नौकरी में हो रहा है, उनको पूरी जानकारी नहीं है, ऐसे लोग नियोजनालयों में जाकर अपने बच्चे की सुविधा कैसे लें, उनके लिए समस्या बनी हुई है ।

दूसरी बात, हमारे दो-तीन तरह के बेरोजगार हैं, - अर्ध-बेरोजगार हैं, पढ़े-लिखे बेरोजगार हैं, ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार हैं, और इन तमाम के बारे में कोई अधिकारिक ढांचा हम इतने दिनों तक नहीं बना पाए हैं राज्यस्तर पर, देश के स्तर पर । यह संख्याएं कह दी जाती हैं, लेकिन जरूरी है कि कोई अधिकृत रूप से, एक अध्ययन की दृष्टि से और एक संरक्षण की दृष्टि से यह आंकड़ हों और जिसके स्थिति के बारे में जानकारी हो ।

महोदय, यह भी बात उठती है कि शिक्षा का व्यावसायीकरण होना चाहिए वोकेशनल एजुकेशन की बातें भी वर्षों से हुई हैं । कोठारी आयोग ने भी इसकी अनुशंसा की थी और आप इसे नहीं कर पाये । आप देखिए, इसी दस्तावेज में कहा गया है कि कोठारी आयोग की अनुशंसाएं दो कारण से लागू नहीं हो पाई—एक तो इच्छाशक्ति का अभाव था और दूसरा साधन नहीं हुये । जो नई शिक्षा-नीति बनाई है, जहां फिर से आपने व्यावसायी शिक्षा पर बल दिया है । तो क्या सरकार की इच्छा-शक्ति इतनी मजबूत बन पाई है और क्या सरकार ने पास इतने आर्थिक साधन मुहैया हो पाये हैं कि जो रुकावटें आयीं, जो कठिनाई आई, पिछले सालों में, वह रुकावटें और कठिनाइयां आगे नहीं आ पायेंगी । हमारे लोग महसूस करते हैं आपको नए सिरे से बजट प्रस्तावों पर और बजट की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना चाहिये । और सोचना चाहिये कि पहले क्या करना है । दूसरा क्या करना है, तीसरा क्या करना है । जो हमारी दीर्घकालिक योजनायें हैं, वहां हमारा कोई मतभेद नहीं है, लेकिन जो हमारी अल्पकालिक आवश्यकतायें हैं उनकी अवहेलना या उपेक्षा हम नहीं कर सकते हैं । खास तौर पर हमारी शिक्षा संबंधी जो समस्याएं हैं उनकी अवहेलना या उपेक्षा हम नहीं कर सकते हैं ।

महोदय, सरकारी नौकरियों मे आरक्षण के सिद्धांत को राज्य सरकारों ने मंजूर किया है। बिहार ने भी मंजूर किया है । बिहार में पिछले पांच सालों में पिछड़ी जातियों, हरिजन और आदिवासियों के लिए आरक्षण सम्बंधी जो सिद्धांत हैं उनकी अवहेलना हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी मण्डल आयोग की अनुशंसाएं विचाराधीन हैं। ऐसा हम मानते हैं कि सामान्य योग्यता से सामाजिक बनावट का प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है जिसके बारे में हमारे संविधान में अनुच्छेद 14,

[डा० जगन्नाथ मिश्र]

15 और 16 में कहा गया है कि सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक तौर से जो कमजोर तबका है उन्हें आगे लाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों में यह बातें कही गयी हैं। हमने उसकी प्रस्तावना में ये बातें कही हैं, मूल अधिकार की बातें कही हैं कि हम बगैर जाति, धर्म और लिंग का भेद किए लोगों को समान अधिकार देने वाले हैं। यदि ऐसे तबके के लोगों के बारे में सरकार कोई विशेष फैसला करना चाहे तो इससे कोई रोकता नहीं है। उनको कोई रोकेगा नहीं। इस तरह का आरक्षण का सिद्धांत भिन्न-भिन्न राज्यों में भी हैं। केन्द्रीय स्तर पर भी इस बात पर गहराई से विचार किया जाना चाहिए कि हम किस तरह उनकी अधिक मदद कर सकते हैं। बिहार में हमने यह बड़ी मजबूती से किया है। उसका प्रशासनिक ढांचा भी हमने तैयार किया और वहां जो सामाजिक तनाव व्याप्त हो गया था उसे समाप्त किया यह चीजें राष्ट्रीय स्तर पर देखी जानी चाहिए।

महोदय, इसी संदर्भ में कुछ बातें हमारे अल्पसंख्यकों के बारे में भी कहना चाहूंगा। अल्पसंख्यकों के बारे में भारत सरकार का ऐलान है, भारत सरकार की घोषणा है और इंदिरा जी का जो 15 सूत्रीय कार्यक्रम था, राजीव गांधी ने उस कार्यक्रम को दोहराया है कि तमाम अल्पसंख्यकों को वह सुरक्षा देना चाहते हैं। उनके कल्याण कार्यक्रमों की पूरी समीक्षा गृह मंत्रालय के स्तर पर होनी चाहिए कि राज्य सरकारें क्या कर रही हैं, क्या नहीं कर रही हैं, कहां क्या रुकावटें आ रही हैं? यह जांच होनी चाहिए और केन्द्र सरकार को इस बारे में बड़ा सख्त होना चाहिए कि 15 सूत्रीय कार्यक्रम जो हमारे मुल्क की आवश्यकता के लिए बने हैं, वह पूर्ण रूप से लागू हों। भारत सरकार ने जो अल्पसंख्यक आयोग बनाया है उसे संवैधानिक मान्यता मिलनी चाहिए। अगर अल्प संख्यक आयोग को आप संवैधानिक स्तर दे सकेंगे तो इससे अल्पसंख्यकों के मन में आपके प्रति विशेष आस्था और विश्वास बन सकेगा।

महोदय, इसके साथ-साथ यह बात भी गौर करने लायक है कि सरकार जो आर्थिक सुविधाएं देना चाहती है वह सही रूप में सही लोगों तक पहुंचे। मैं वित्त मंत्रीजी के भाषण को पढ़ रहा था तो मुझे मालूम हो रहा था कि आप गरीबों के और ग्रामीण लोगों के बारे में सोच रहे हैं। लेकिन जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने आर०एल० ई० जी० पी० और एन० आर० ई० पी० प्रोग्राम्स के बारे में कहा। तो आप इन लीकेजेज को कैसे रोकेंगे और कैसे गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को मदद दे पाएंगे। इसलिए प्रशासनिक ढांचे को सशक्त और मजबूत करने की जरूरत है। जब तक आप वह नहीं करते, आप 1741 करोड़ रुपया खर्च करिए, वह पैसा बर्बाद हो जाए तो यह मुल्क इस बात को बर्दाश्त नहीं कर सकता है। यह सोचने की बात है कि इन लीकेजेज को कैसे बंद कर सकते हैं? साथ-ही-साथ मैं यह महसूस करता हूं कि हमारी सरकार और प्रधान मंत्री की ओर से पहले भी और अभी भी यह बात कही जाती रही है कि उर्दू और दूसरी जुबानों के बारे में। तो सरकार को उस बारे में फैसला करना चाहिए। ..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): आप और कितना समय लेंगे?

डा० जगन्नाथ मिश्र : महोदय, 5–10 मिनिट में समाप्त कर रहा हूं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय की ओर से समय-समय पर जो निर्देश और आदेश दिए गए हैं चाहे वह सांप्रदायिक दंगों के बारे में हों या दूसरे सामाजिक तनाव के बारे में हों, उसको अनुसरण राज्य सरकारें नहीं कर रही हैं। आखिर भारत सरकार इस मामले में मूक दर्शक बनकर नहीं बैठी रह सकती। चाहे जिस हाल में इन राज्यों में सांप्रदायिक

दंगे हुए हों—चाहे बंगाल के हों, उत्तर प्रदेश के हों या बंबई के हों या जम्मू कश्मीर के हों या दूसरे कुछ राज्यों में दंगे हुए हैं। इसलिए दंगों की समाप्ति अंतिम रूप से होनी चाहिए अपने मुल्क में बिहार ने एक विशाल प्रयास किया था, जब विशेष अदालतें बनवाकर के बिहार शरीफ में दंगे करने वालों को सजा दिलवाई थी और हमने गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति में यह बातें कही थीं कि यह बातें पहले उठती थीं कि दंगे कौन कराता है, लेकिन बिहार में जोतेन नारायण सिन्हा कमीशन ने यह साफ कर दिया और साफ-साफ कहा उसने दंगों के बारे में कि भारतीय जनता पार्टी, भारतीय मजदूर सभा की ओर से ये दंगे कराए गए और हमने जो बिहार शरीफ में स्पेशल कोर्ट बनवाई और उनमें जो 55 लोगों को सजाएं मिली हैं, उन 55 लोगों को आप देखें तो पूरे के पूरे आर.एस.एस. की जमात से संबद्ध लोग हैं। तो जो बातें साफ हो चुकी हैं, अब अगर राष्ट्रीय स्तर पर भी इन बातों पर गौर न किया जाए, उन पर न सोचा जाए तो फिर कैसे हो सकता है। इसलिए जहां-जहां दंगे होते हैं वहां प्राथमिकता के स्तर पर हल कर। जाए क्योंकि जो सामान्य प्रक्रिया के तरीके से हल होता है उसमें इतना लम्बा समय लगता है कि सारे सबूत खतम हो जाते हैं। जल्दी सुनवाई करवाने पर क्या होता है ? हम अपने जमाने की बिहार शरीफ की मिसल देते हैं कि अगर एक साल के भीतर हमने सुनवाई करा दी, मुकद्मे चला दिए तो सारे शक साबित हो गए और कसूरवारों को सजा मिल गई। इसलिए भारत सरकार से हम कहना चाहते हैं कि आप दंगों को पूरी तरह से समाप्त कराने के लिए विशेष अदालतें बनवाएं और जरूरी हो तो संपद में कानून बनाएं। बिहार में हमने कानून बनवाया था, लेकिन सारे देश के लिए बड़े पैमाने पर आप कानून बनवाएं ताकि इनको सदा के लिए खतम किया जाए ।

दूसरी बात हम कहना चाहते हैं फिर जो हमारी पैरा मिलिट्री फोर्सिस हैं, चाहे बी०एस०एफ० हो, चाहे सी०आर० पी० हो, उत्तर प्रदेश की पी०ए०सी० हो या बिहार की बी०एम०पी० हो, इनकी शिकायतें आती हैं कि इनके पास सैक्युलर विजन नहीं होता है। बस कह दिया लोगों को प्रशिक्षण में आपने सैक्युलरिज्म की बातें, सर्वधर्म की बातें आप सीखिए, पर किसी ने दी नहीं हैं। इसलिए गृह मंत्रालय को गंभीरता से सोचना चाहिए कि हम कैसे तमाम लोगों को सैक्युलरिज्म की बातें समझाएं क्योंकि भारत के संविधान के 25, 26, 27 और 28, इन चारों अनुच्छेदों में परिभाषित कर दिया गया है कि धर्म की स्वतंत्रता के क्या मायने हैं और हम किस तरह से जो हमारी विधि-व्यवस्था है, जो हमारी लोक-व्यवस्था है, उसपर कोई प्रतिकूल प्रभाव हम धार्मिक भावनाओं की वजह से नहीं होने दे सकते हैं। सरकार क्यों चुप बैठी हुई है? यह समय आया है जब आपको पूरी पाबंदी लगानी पड़ेगी ऐसे दलों पर। क्या छूट होगी शिव सेना को, क्या छूट होगी आर०एस०एस० के लोगों को, क्या छूट होगी जमायते इस्लामी के लोगों को, ये जो हमारी सियासत को वर्ल्ड लेवल पर धर्म के नाम पर बदनाम करने की पूरी कोशिश करते हुए हमारे मुल्क को परेशान करें। इसलिए आपको गंभीरता से इस पर चिन्तन करना होगा कि धर्म और सियायत कैसे अलग-अलग रह सकें। धर्म की पूरी इज्जत रहेगी, पूरा आदर देंगे, पूरा सम्मान देंगे, लेकिन ऐसी कोशिश हम नहीं करेंगे कि एक दूसरे के मामले में दखल हो। हम ऐसे लोगों में से हैं जो यह मानते हैं कि हर धर्म को अपने हिसाब से चलने की पूरी छूट है तथा उसपर कोई आघात नहीं पहुंचना चाहिए। जैसे अभी राम जन्म भूमि का विवाद चला था। यह प्रारंभिक अवस्था में स्थानीय अवस्था में ही हल होना चाहिए था, पता नहीं क्यों लेट हुआ? क्या कारण था? यह मामला इतना नहीं बिगड़ता अगर प्रारम्भ में ही इसका फैसला हो जाता। जो मुद्दे स्थानीय लेवल पर हल हो सकते हैं उनको अनावश्यक रूप से हम राष्ट्रीय मुद्दे बना देते हैं तो हमारी परेशानी बढ़ जाती है और पूरे राष्ट्र के

[डॉ० जगन्नाथ मिश्र]

लिए चिंता की बात बन जाती है। जो पहले वस्तुतः उत्तर प्रदेश के एक सीमित इलाके का मुद्दा हो सकता था, आज सम्पूर्ण राष्ट्र का मुद्दा बन चुका है। इसलिए इसका हल निकालना चाहिए। यह बात सही भी है कि इस मुल्क के अल्पसंख्यकों के मन में यह धारणा बन रही है कि अगर बाबरी मस्जिद का जो मामला है, दबाव से माना जाए तो अन्य जगहों में ऐसी मस्जिदें बनी हुई है, वह भी अनिश्चित होगा। एक जगह का फैसला कानूनी रूप से न्याय प्रणाली से मान लिया जाए तो बाकी सभी जगह को भी समस्या का समाधान हो जाएगा। इस मुल्क के अल्पसंख्यकों के मन में अगर भरोसा और विश्वास नहीं होगा तो हमारी व्यवस्था बिगड़ सकती है। यह मुल्क सभी धर्मों का है, सभी जातियों का है, सभी वर्गों का है, सभी भाषाओं का है और सबको बराबरी से जीने का हक है। इस मुल्क के हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है कि हमने सबको बराबरी का दर्जा दिया है। एक दूसरे पर दखल देने का हक नहीं दिया है। अगर कोई उसमें दखल देता है तो हुकूमत को उसमें दखल देना पड़ेगा। महोदय, दो तीन बातें मैं बिहार के मुतालिक कहना चाहता हूं। हमारा बिहार सबसे पिछड़े हुए राज्यों में से है। अफसोस की बात यह है कि हमारी द्वितीय पंचवर्षीय योजना में तृतीय योजना में, चौथी योजना और पांचवीं तथा उसके बाद लगातार सभी योजनाओं में जो लक्ष्य रखा गया था क्षेत्रीय विषमता को समाप्त करने का, रीजनल डिस्पैरिटीज को समाप्त करने का और देश की एकता और अखंडता के लिए बहुत जरूरी है कि क्षेत्रीय विषमता को कम किया जाए, लेकिन यह कम हो नहीं पा रही है। इसके प्रमुख दो कारण हैं। एक तो पूंजी निवेश जो राज्य सरकार से होता है वह पूरा नहीं होता है और जो खाई बनी हुई है राष्ट्रीय औसत बन गई है, उसको समाप्त करने के लिए कोई व्यवस्था हो नहीं पाती। दूसरी बात यह है कि निजी निवेश जो संभावित हो सकता है वह पिछड़े राज्यों में नहीं हो सकता है क्योंकि आर्थिक संरचना या जो इंफ्रास्ट्रक्चर बनना चाहिए था बिहार में वह नहीं बन पाया। इसलिए न निजी पूंजी निवेश हो पाता है और न सरकारी पूंजी निवेश हो पाता है। एक के बाद एक योजना में हमारी खाई निरंतर बढ़ती जा रही है जिसके कारण क्षेत्रीय भावनाएं उभर रही हैं। अभी राष्ट्रीय जीवन में ऐसा क्षण आया? सरकारिया कमीशन के सामने भी यह तथ्य पेश किए गए, जो विभिन्न वित्त आयोग बनते हैं उनके समक्ष भी विभिन्न राज्यों ने अपने दस्तावेज पेश किए, अपने तर्कों को उजागर करने की कोशिश की लेकिन एक बात जरूर सोचनी होगी कि हमारी राष्ट्रीय नीति में कहीं न कहीं ऐसी कमजोरियां हैं जिनकी वजह से क्षेत्रीय विषमता समाप्त नहीं हो रही है। यह सवाल आज बिहार का नहीं रह गया है। यह आज समस्त पूर्वांचल का है चाहे वह बिहार हो, उड़ीसा हो, पश्चिम बंगाल हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश हो, इन सभी प्रदेशों में क्षेत्रीय विषमता का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और लगता यह है कि जो बिहार और दूसरी घनी आबादी वाले सूबे हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है, जिनके यहां सबसे कम पूंजी निवेश हुआ है, जिसको केन्द्रीय सहायता कम से कम प्राप्त हुई है, इसके कारण उसकी खाई राष्ट्रीय औसत से निरंतर गिरती जा रही है। इस बात को देखना पड़ेगा कि जो कृषि प्रधान राज्य हैं या जहां औद्योगिक संभावनाएं हैं उनको सहायता दी जानी चाहिए। बिहार के पास प्राकृतिक साधन हैं और प्राकृतिक साधनों के लाभ जो उसे मिलने चाहिए वे नहीं मिल पा रहे हैं। जितना कोयला, जितना मैंगनीज और, आयरन और अभ्रक, यूरेनियम आदि पदार्थ बिहार में हैं, उनका लाभ जितना बिहार को मिलना चाहिए उतना नहीं मिल पाता है। खनिज पदार्थ के आधार पर जो उद्योग बनने चाहिए वे नहीं बन पाते हैं। जो दाम खनिज पदार्थ का बिहार में है, वही दाम बंबई में, गुजरात में, मद्रास में है। इसलिए को इंटरप्रेन्योर

वहां क्यों जाना चाहेगा। तो इस फ्रेट इक्वैलाइजेशन के कारण बिहार का बड़ा नुकसान हो रहा है और यही कारण रहा है कि बिहार आगे नहीं बढ़ पाता है। बिहार खाद्यान्न के मामले में घाटे का स्टेट है। उसे दूसरे राज्यों से खाद्यान्न मंगाना पड़ता है। अगर खाद्यान्न के मामले में यही सिद्धान्त लागू हो तो बिहार के लिए लाभदायी होता इसलिए एक राष्ट्रीय जीवन में हम ऐसा मानते हैं कि फ्रेट इक्वैलाइजेशन को समाप्त किया जाए, इसका समय आ गया है। उसको वापस लिया जाना चाहिए। जो परिणाम इसके बिहार को भुगतने पड़ते हैं, वे आगे भी भुगतने पड़ेंगे इसलिए न्याय और बराबरी के लिए यह जरूरी है कि इस सिद्धान्त को समाप्त किया जाए।

दूसरी बात यह है कि हमारे यहां जो मिनरल्स हैं उनके बारे में हमको शिकायत है। उनकी रायल्टी, उनका मुआवजा हमको मिलना चाहिए, वह आज नहीं मिल रहा है एक तो इनके रिवीजन का समय 4 साल रखा गया है हालांकि अन्य वस्तुओं की कीमतों में बहुत जल्दी बढोत्तरी होती है। इसलिए इस समय को घटाकर 2 साल करना चाहिए। भारत सरकार रिवीजन करती भी है चार साल में तो दो साल उसमें लग जाते हैं और वह पिछले दो साल की कीमत नहीं देती है। इसलिए इस नीति में संशोधन होना चाहिए कि जो लाभ लेने वाला मंत्रालय है वहीं देने वाला भी नहीं हो। जो खरीदार हैं वह उसकी कीमत निर्धारित करने वाला है इसलिए यह बेतुकी सिद्धांत लगता है। इसमें मंत्रालय के लिए भी हित नहीं होता है। वह जल्दी से पुनः-निर्धारण कर दे और समय पर कर दे यह सिद्धांत होना चाहिए। इसके अलावा एक बात और बारबार कहता रहा हूं यह बात करनी चाहिए कि कोयले की रायल्टी एडवलोरम होनी चाहिए। मूल्य के आधार पर कोयले के मूल्य का निर्धारण किया जाना चाहिए तब ही हमें उचित मूल्य मिलेगा। 71 में राष्ट्रीयकरण से पहले एडवलोरम था आज वह हटा दिया गया है इससे बिहार को बहुत नुकसान हो रहा है। साथ साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आयातित मूल्य से गुजरात और असम को पेट्रोलियम उत्पादन करने का लाभ मिलता है। पेट्रोलियम का जो आयातित मूल्य है वह आधार होता है पेट्रोलियम की रायल्टी के निर्धारण के लिए। हमारी ओर से बार-बार यह बात कही जाती है कि कुकिंग कोल जो हम बिहार में पैदा करते हैं उसे आयातित कुकिंग कोल के मूल्य पर जो उचित कीमत हम को मिलनी चाहिए वह हम को देने की कोशिश की जानी चाहिए।

